प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज हमीरपुर जिला में अपने गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन के दौरे पर हैं। इस दौरान वे डिग्री कॉलेज नादौन के बहुउदेश्यीय भवन का शिलान्यास के अलावा कॉलेज के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री उसके बाद सेरा विश्राम गृह में जनसमस्याएं भी सुनेंगे। इस बीच, मुख्यमंत्री कल ऊना जिला के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे के दौरान बंगाणा में 15 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाली तुरकाल पंगा जलापूर्ति योजना का शिलान्यास करेंगे।

विक्रमादित्य सिंह

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नीतिन गड़करी से मुलाकात कर प्रदेश की महत्वपूर्ण सड़क, पुल व टनल परियोजनाओं के लिए सहयोग की मांग की है। संसद भवन में मुलाकात के दौरान उन्होंने प्रदेश में सड़क संपर्क को मजबूत करने, सभी मौसम में आवाजाही सुनिश्चित करने और पहाड़ी क्षेत्रों में सुरक्षित बुनियादी ढांचे के विकास पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान विक्रमादित्य सिंह ने घटासनी–शिल्हा–बढ़ानी–भुभू जोत–कुल्लू सड़क और प्रस्तावित भुभू जोत टनल का मुद्दा भी उठाया। केंद्रीय मंत्री ने इन सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है।

गृह सचिव एलपीजी

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर देश भर में एलपीजी की आपूर्ति और वितरण की समीक्षा के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एलपीजी की कमी के संबंध में आशंकाओं को दूर करने और झूठी अफवाहों का मुकाबला करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एलपीजी आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कर्मियों की सुरक्षा बढ़ाने की सलाह भी दी।

गिरफ्तार

शिमला पुलिस ने नशे के खिलाफ "जीरो टॉलरेंस" नीति के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 1 करोड़ रुपये की एलएसडी ड्रग्स बरामद की है। शिमला के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने बताया कि पुलिस थाना न्यू शिमला में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पंजाब और सिरमौर

के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के कब्जे से 562 स्ट्रिप्स यानी स्टैम्प साइज एलएसडी बरामद हुई, जिसका कुल वजन करीब 11 ग्राम है।

चंबा साहित्य उत्सव

चंबा जिला को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के उदेश्य से चलो चंबा अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज से चंबा साहित्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। चंबा में पहली बार आयोजित किया जा रहा ये उत्सव 14 मार्च तक चलेगा। जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि इस दौरान विभिन्न साहित्यिक व सांस्कृतिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान पुस्तक मेले का भी आयोजन हो रहा है।

फार्मर रजिस्ट्री

हमीरपुर जिला में कृषि विभाग सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार कर रहा है। इसका उदेश्य किसानों का एक प्रमाणित डिजिटल डॉटा बेस तैयार करना है। हमारे हमीरपुर जिला संवाददाता ने बताया कि इससे भविष्य में किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं व अन्य सभी सेवाओं का लाभ शीघ्रता व पारदर्शिता के साथ मिल सकेगा।

डिस्पैच–हरीश नंदा

मौसम

जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति की ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात व जिले के अधिकांश भागों में हल्की वर्षा होने से तापमान में गिरावट आई है। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर मनाली–लेह मार्ग को जिस्पा से आगे आवाजाही के लिए बंद कर दिया है। उधर, चंबा व आसपास के क्षेत्रों में भी वर्षा होने का समाचार है, जिससे मौसम ठंडा हो गया है। इधर, राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए है। मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में आज अंधड़ व बिजली कड़कने का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी चेतावनी दी है।